तापमान

अधिकतम 44 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026



11 जिला जेल में कौशल विकास कार्यक्रम का समापन





12 ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल से थमे भारी वाहनों के पहिये





## खबर संक्षेप

### बंद फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी

**सोनीपत।** एचएसआईआईडीसी राई औद्योगिक क्षेत्र में एक बंद फैक्ट्री को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब फैक्ट्री का निरीक्षण करने एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा। दिल्ली के प्रीतमपुर निवासी ऋषभ जैन ने राई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे एचएसआईआईडीसी राई स्थित प्लॉट नंबर-1836 में फैक्ट्री का संचालन करते थे, जो पिछले करीब तीन माह से बंद पड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात चोर फैक्ट्री परिसर में घुस गए और वहां से ट्रांसफार्मर, वायर सेट, दो टन क्षमता का एसी, छह से सात एचपी की मोटर, सर्वो मशीन तथा सीसीटीवी कैमरे चोरी कर ले गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर राई थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब की अवैध तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के एक मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अशोक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार एक मार्च 2026 को थाना मुरथल की अनुसंधान टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जीटी रोड पर मुरथल फ्लाईओवर के ऊपर एक दुर्घटनाग्रस्त वाहन खड़ा है, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। तलाशी के दौरान गाड़ी से 53 पेटी बीयर बरामद हुईं, जिनमें कुल 1272 बीयर कैन शामिल थे।

### पारा 44 डिग्री पहुंचने से सड़कों पर सन्नाटा

# सुबह धूप खिलते ही प्रचंड गर्मी लू के थपेड़ों की पड़ रही मार

## राजस्थान से आने वाली शुष्क हवाओं के कारण वातावरण में नमी पूरी तरह खत्म

## शहर में बिजली संकट गहराया, 1.60 करोड़ यूनिट प्रतिदिन पहुंची खपत



**सोनीपत।** रेलवे रोड पर भीषण गर्मी से मुंह ढककर जाती युवतियां।



**सोनीपत।** गर्मी के कारण में सिर पर कपड़ा लेकर जाते युवक।

> गर्मी के कारण अस्पतालों में लू, डिहाइड्रेशन और सिर दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह होते ही तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है। वीरवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही गर्म हवाओं ने लू का प्रभाव और अधिक बढ़ा दिया है। शहर की बात करें तो सुबह 8 बजे तक ही तापमान 35 डिग्री के आसपास पहुंच जा रहा है।

### सड़कें तपने लगी

10 बजे के बाद सड़कें तपने लगती हैं और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। रेलवे रोड, सेक्टर इलाकों और बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। गर्मी से बचने के लिए लोग मुंह और सिर ढककर निकलने को मजबूर हैं। राजस्थान से आने वाली शुष्क हवाओं के कारण वातावरण में नमी पूरी तरह खत्म हो चुकी है, जिससे गर्मी का असर और अधिक बढ़ गया है। इस भीषण गर्मी का सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। अस्पतालों में लू, डिहाइड्रेशन और सिर दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन और शिक्षा विभाग ने बड़ा निर्णय लेते हुए इस बार 1 जून के बजाय 25 मई से स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। इसके चलते छात्र 23 मई तक ही स्कूल जाएंगे। छोटे बच्चों को तेज धूप में स्कूल जाने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है।

### ट्रांसफार्मर गर्म होने से लग रहे अघोषित कट

गर्मी का असर बिजली व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। जिले में बिजली की खपत बढ़कर 1.60 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई है। लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर गर्म हो रहे हैं और अघोषित बिजली कटौती की समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दिन और रात बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। कई जगह रात को भी कट लग रहे है।

### जून के अंत में आ सकता है प्री मानसून

फिलहाल लोगों के लिए भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में तापमान को बढ़ा दिया है। तेज पश्चिमी हवाएं लू का रूप ले चुकी हैं। मई माह के अंतिम दिनों तक तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। जून के अंतिम दिनों में प्री मानसून की दस्तक हो सकती है। - **प्रो. चंद्रमोहन**, मौसम विशेषज्ञ

शहरवासियों का कहना है कि इस बार गर्मी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक तेज है। दोपहर के समय कूलर और पंखे भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। बाजारों में खरीदारी कम हो गई है और लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण कोल्ड ड्रिंक की मांग भी तेजी से बढ़ गई है।

## बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने पर 21 हजार का चालान



**खरखौदा।** यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दिल्ली मार्ग स्थित सब्जी मंडी गेट के पास एक बुलेट मोटरसाइकिल का 21 हजार रुपये का चालान कर उसे इंपाउंड कर दिया। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज एसआई राजेश कुमार टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल को रोका गया, जिसकी आवाज तेज पटाखों जैसी आ रही थी। जांच में पाया गया कि वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाया गया था और वह यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मौके पर ही चालान काटा और बाइक को जब्त कर लिया। अधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें।






## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बुजुर्ग से 7.55 लाख की ठगी

**सोनीपत।** साइबर अपराधियों ने गोहाना क्षेत्र के एक बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 7.55 लाख रुपये की ठगी कर ली।



- ईडी अधिकारी बनकर ठगों ने बुजुर्ग को गिरफ्तारी का डर दिखाया
- डर के कारण पीड़ित ने आरटीजीएस से 7 .55 लाख रुपये ट्रांसफर किए
- पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर क्राइम थाना में जांच शुरू की

ठगों ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर आतंक फंडिंग मामले में फंसाने और गिरफ्तारी की धमकी दी, जिससे डरकर पीड़ित ने रकम ट्रांसफर कर दी। मामले में साइबर क्राइम थाना सोनीपत ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ठसका निवासी 71 वर्षीय रामरूप के अनुसार 17 अप्रैल को उनके व्हाट्सएप पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को ईडी का एएसआई संदीप राव बताया और कहा कि उनका नाम देश विरोधी गतिविधियों और टेरर फंडिंग मामले में आया है। आरोपियों ने उन्हें किसी को भी जानकारी न देने की चेतावनी दी और गिरफ्तारी का भय दिखाया। ठगों के दबाव में आकर बुजुर्ग घबरा गए और खातों की जांच के नाम पर सरकारी खाते में पैसे जमा करने की बात मान ली। इसके बाद उन्होंने पंचकूला जाकर आरटीजीएस के माध्यम से 7,55,206 रुपये एक खाते में ट्रांसफर कर दिए।

**12.50 लाख और देने का दबाव डाला :** इसके बाद ठगों ने और पैसे की मांग शुरू कर दी और करीब 12.50 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। जब पीड़ित ने असमर्थता जताई तो मामला उनकी पत्नी के सामने आया, जिसके बाद पूरी ठगी का खुलासा हुआ। परिजनों ने उन्हें समझाया कि यह साइबर ठगी है। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

## नवनिर्वाचित मेयर व 22 पार्षदों का गजट नोटिफिकेशन जारी




**सोनीपत।** नगर निगम चुनाव के 12 दिन बाद आखिरकार नवनिर्वाचित मेयर और 22 पार्षदों का गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद अब शपथ ग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है।

निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने रोहतक मंडल आयुक्त को पत्र लिखकर नवनिर्वाचित मेयर और पार्षदों के शपथ ग्रहण के लिए समय निर्धारित करने का आग्रह किया है। गजट नोटिफिकेशन जारी होने से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में खुशी का माहौल है। बता दें कि 10 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए थे। इसमें मेयर पद पर भाजपा प्रत्याशी

- आयुक्त ने मंडल आयुक्त को पत्र लिख शपथ दिलाने के लिए समय निश्चित करने का किया आग्रह

राजीव जैन विजयी रहे, जबकि 22 पार्षदों में 17 भाजपा और 5 कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। अब गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नई नगर निगम बॉडी के गठन का रास्ता साफ हो गया है। शपथ ग्रहण के बाद मेयर और पार्षद औपचारिक रूप से अपने पद का कार्यभार संभालेंगे और शहर के विकास कार्यों को गति दी जाएगी। नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने कहा कि शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा और जनता से किए गए वादों को पूरा करना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी।

# ज्वेलर्स और फर्नीचर व्यापारी से 20 लाख की रंगदारी मांगी, आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी ने व्यापारी को फोन कर खुद को घड़वाल का लाखा बताया, पैसे न देने पर मारने की धमकी

## पुलिस की प्रारंभिक जांच में आपसी लेन-देन का मामला, एक-दूसरे पर देनदारी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शहर के एक ज्वेलर्स और फर्नीचर कारोबारी ने एक व्यक्ति पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि प्राथमिक जांच में यह मामला आपसी लेन-देन का बताया जा रहा है।

### गोयल ने पुलिस को दी शिकायत

जैन स्थानक के पास रहने वाले श्रीभगवान गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ज्वेलरी और फर्नीचर का कारोबार करते हैं।



उन्होंने बताया कि 7 मई की शाम करीब 6:21 बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को गांव घड़वाल का लाखा बताते हुए 20 लाख रुपये की मांग की।

### गोली मारने की धमकी

शिकायत के अनुसार 18 मई को दोबारा कॉल कर गाली-गलौज की गई और शोरूम पर आकर गोली मारने की धमकी दी गई। 20 मई की सुबह भी अलग नंबर से कॉल कर धमकाया गया, जिससे परिवार में दहशत फैल गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी जगरूप उर्फ लाखा लगातार पैसे की मांग कर रहा था और जान से मारने की धमकी दे रहा था। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी गोहाना संदीप धनखड़ ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आपसी लेन-देन का प्रतीत हो रहा है। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर देनदारी का आरोप लगा रहे हैं। आरोपी पहले भी शिकायतकर्ता की दुकान से खरीदारी कर चुका है। मामले की गहनता से जांच जारी है।

## विधायक के जन्मदिन पर पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में दो व बाहर सहित तीन वाटर कूलर लगवाएं



विधायक देवेंद्र कादियान के साथ गन्नौर के पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए।




जन्मदिन पर विधायक देवेंद्र कादियान व अंकित मल्होत्रा स्कूल के छात्रों के साथ केक काटते हुए।



विधायक देवेंद्र कादियान का अंकित मल्होत्रा के साथ शहर के लोग स्वागत करते हुए।

**गन्नौर** के पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा द्वारा विधायक देवेंद्र कादियान के जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवा की कड़ी में शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में छात्रों के लिए दो वाटर कूलर तथा आमजन की सुविधा के लिए स्कूल के बाहर एक वाटर कूलर सहित 3 वाटर कूलर लगवाए। विधायक देवेंद्र कादियान ने इन वाटर कूलरों का उद्घाटन किया और उन्हें छात्रों व आम जनता को समर्पित किया।

**विधायक** देवेंद्र कादियान ने पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा द्वारा किए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते है और क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता रही है।

**पूर्व पार्षद** समाज सेवी अंकित मल्होत्रा ने कहा कि विधायक देवेंद्र कादियान के जन्मदिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों और आमजन को गर्मी में राहत मिले, यही उनकी सोच रही है। भविष्य में भी वे जनहित और सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

### समाजसेवी अंकित मल्होत्रा द्वारा किए समाजसेवा के कार्य

1. समय समय पर शहर के लोगों को हरिद्वार में गंगा स्नान करवाना
2. लायंस क्लब गौरव के माध्यम से गरीबों को सर्दी में कंबल वितरण
3. धार्मिक कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन के अलावा समय-समय पर अन्य सामाजिक कार्य करवाना ही इनकी पहचान है


विज्ञापन



आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्तिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्तिक इसे च्युइं



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी

यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

**बच्चो, जापान** की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,
इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी
विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

# चमत्कारी चिप

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।



एआई इमेज

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।

तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1 फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2 फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3 ब्रोमोलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4 रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

## जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




तन्वी, महेंद्रगढ़


आन्या, दुर्ग


ईशान, ईमेल से


दिशा, बिलासपुर


सोनम, रायपुर


रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### द्वार के निर्माण को जल्द शुरू करवाने की मांग

**गोहाना।** शहर में राजकीय वमावि के पास प्रस्तावित पंचनद पंजाबी द्वार के निर्माण को जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर व्यापारियों और दुकानदारों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि जहां द्वार बनाया जा रहा है वह जगह सबसे उपयुक्त है। नगर परिषद शहर में संतों और महापुरुषों के नाम पर जगह-जगह द्वारों का निर्माण करा रही है। पंचनद ट्रस्ट और पंजाबी महासभा ने 1947 के विभाजन में बलिदान हुए करीब 10 लाख लोगों की स्मृति में द्वार बनाने का प्रस्ताव नगर परिषद को दिया था।

### यूनिफॉर्म एवं बैग स्वच्छता प्रतियोगिता

**गोहाना।** जेएलएन विद्यालय में कक्षा पीपी-3 से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म एवं बैग स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की गई। उद्देश्य विद्यार्थियों में यूनिफॉर्म एवं विद्यार्थी बैग की स्वच्छता का महत्व समझाना था। अध्यक्षता एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्रतियोगिता में कक्षा पीपी-3 में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः रूही, कीर्ति और जीवेश, कक्षा पहली से निवान, मायरा और सानवी, कक्षा दूसरी से कुणाल, साहिल और शिवम, कक्षा तीसरी से चिराग, सृष्टि और आयान, कक्षा चौथी से वैभव, प्रियांशी और यश व कक्षा पांचवीं से पावनी, अनंत और शौर्य विजेता रहे।

## शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों को फ्री पढ़ने को मिलेंगी पाठ्य पुस्तकें

# रा. विद्यालयों के 698 पुस्तकालयों के लिए एनबीटी से पहुंचा ज्ञानवर्धक व मनोरंजक किताबों का स्टॉक

**चंद्रयान-3 से चांद छूने के सपने व राष्ट्रपति का बाल वीरता पुरस्कार जैसे टॉपिक बच्चों में बढ़ाएंगे पढ़ने की जिज्ञासा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** के मॉडल टाउन स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय में किताबों के स्टॉक की जांच करते जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह, अमित भनवाला व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

किताबें सपने देखने की आदत डालती हैं और पुस्तकालय नई पीढ़ी में संस्कार विकसित करते हैं। पुस्तकालय विद्यार्थियों को एक शांत, प्रेरक व अध्ययनशील वातावरण प्रदान करते हैं, जो किसी भी विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। बेहतर जीवन का रास्ता बेहतर किताबों से होकर ही गुजरता है, जो विद्यार्थियों को दुनियाभर के ज्ञान से जोड़ती है। इसी उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट (एनबीटी) ने समग्र शिक्षा के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के 698 राजकीय विद्यालयों के पुस्तकालयों के लिए नई पुस्तकों का स्टॉक भेजा है। प्रत्येक सेट में करीब 22 से 25 किताबों का स्टॉक है। विद्यार्थियों को पुस्तकालयों में जल्द चंद्रयान-3, राष्ट्रपति का बाल वीरता पुरस्कार जैसे विषयों पर नई पुस्तकें पढ़ने को मिलेंगी, ताकि उनकी पढ़ने की जिज्ञासा को और बढ़ाया जा सके।

जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह, अमित भनवाना ने बताया कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज और राष्ट्र का उत्थान संभव है। शिक्षा विभाग ने समग्र शिक्षा के तहत जिले के पीएमश्री राजकीय विद्यालयों को छोड़कर सभी ब्लॉक के स्कूलों के पुस्तकालयों में इसी सप्ताह किताबों के वितरण का कार्य पूर करने का लक्ष्य रखा है। सभी प्राइमरी विद्यालयों में बने पुस्तकालय कॉर्नर व अन्य स्कूलों के पुस्तकालयों में जल्द इन किताबों को रखा जाएगा। किताबें वितरण के लिए मॉडल टाउन स्थित समग्र शिक्षा विभाग के कार्यालय को वितरण केंद्र बनाया गया है। यहां पुस्तकों के स्टॉक का संग्रह कार्य किया गया है। यह पुस्तकें चार योजनाओं का समन्वित रूप है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा पहली से 5वीं, छठी से 8वीं, छठी से 10वीं व छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें विभिन्न पुस्तकों के 698 सेट शामिल हैं।

### ज्ञानवर्धक विषयों का अध्ययन करेंगे

सफल छात्र बनने का रास्ता, मेधावी नरेंद्र, ब्राजीली कहानियां, पृथ्वी गृह, नाना के गीत, अद्भुत साहस, पंडित रविशंकर, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय, उड़न खटोला, बबलू का भूत, एमएस सुब्बुलक्ष्मी, काव्या का फैसला, बेदम-बेदुमा, ढब्बू की धमक (कॉमिक्स), मां की महक, तेनाली रामकृष्ण की चमत्कारिक कहानियां, आशा की किरण, सागर में गागर, बच्चों को प्यार दें, लौट आया चंपू, आर्यनंद और जीवन मुकुट, पानी का रखरखाव (जलसंरक्षण), विश्व प्रसिद्ध हीरे और जवाहरात जैसे विषयों पर सार पूर्वक वर्णन है।

### ब्लॉक अनुसार किताबों के सेट

| ब्लॉक | प्राइमरी | मिडल | माध्यमिक | वरिष्ठ माध्यमिक | कुल स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| गन्नौर | 85 | 16 | 13 | 25 | 139 |
| गोहाना | 50 | 03 | 11 | 20 | 84 |
| कथूरा | 24 | 04 | 04 | 13 | 45 |
| खरखौदा | 49 | 05 | 12 | 18 | 84 |
| मुंडलाना | 38 | 05 | 08 | 16 | 67 |
| राई | 69 | 18 | 11 | 14 | 112 |
| सोनीपत | 105 | 26 | 11 | 25 | 167 |
| कुल | 420 | 77 | 70 | 131 | 698 |

### पढ़ने की लग्न को मिलेगा बढ़ावा

समग्र शिक्षा के तहत जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में संचालित पुस्तकालयों के लिए नई किताबों का स्टॉक पहुंच चुका है। सभी विद्यालय प्रबंधकों को जल्द किताबों का वितरण कर दिया जाएगा। नई विभिन्न विषयों पर आधारित किताबों के पढ़ने से जहां विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ेगा, वहीं कुछ मनोरंजक किताबें उनका मनोरंजन करेंगी। इससे विद्यार्थियों में पढ़ने की लग्न को बढ़ावा मिलेगा।

-कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत

## प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल में कार्यक्रम

# सफलता के लिए वर्षों की मेहनत धैर्य व निरंतर प्रयास जरूरी : अमित



**खरखौदा।** एसडीएम अमित कुमार को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन।

■ एसडीएम ने छात्रों को जीवन में सफलता के मूल मंत्र बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित प्रातः कालीन सभा में वीरवार को खरखौदा के एसडीएम अमित कुमार विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के मूल मंत्र बताए। विद्यालय परिसर में उनके आगमन पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया तथा एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए एसडीएम अमित कुमार ने विद्यार्थियों से अपने जीवन के संघर्ष, मेहनत और सफलता के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे वर्षों की मेहनत, धैर्य और निरंतर प्रयास छिपे होते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में छठे प्रयास में सफलता प्राप्त की थी। कई बार असफल होने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य की ओर लगातार प्रयास करते रहे। इसी दृढ़ निश्चय और निरंतरता ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता जीवन का अंत नहीं होती, बल्कि वह सफलता की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण चरण होती है। जो विद्यार्थी अपनी गलतियों से सीख लेते हैं और लगातार मेहनत करते रहते हैं, वही जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं के लिए अनुशासन, समय का सही उपयोग और अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण अत्यंत आवश्यक है।

### समय का सदुपयोग

विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने समय का सदुपयोग पढ़ाई, खेल और व्यक्तित्व विकास में करें। यह भी कहा कि खेल विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना सिखाते हैं, जो जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अत्यंत जरूरी गुण हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से एसडीएम अमित कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बलिदान दिवस पर किया नमन

■ गोहाना और बरोदा विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना


**गोहाना।** स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता।

गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर गोहाना में पूर्व मंत्री एवं विधायक जगबीर सिंह मलिक के निवास और बरोदा मार्ग स्थित कांग्रेस बरोदा विधानसभा कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में दोनों हलकों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री एवं विधायक जगबीर सिंह मलिक और बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल के भाई इंदुपाल नरवाल थे। जगबीर मलिक ने कहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनके दूरदर्शी और प्रगतिशील विचारों से ही आधुनिक भारत का शिल्पकार माना जाता है। 21वीं शदी के भारत की नींव रखने में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। इंदुपाल नरवाल ने कहा कि आज देश को नफरत नहीं बल्कि राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच, सामाजिक न्याय, भाईचारे और संविधान बचाने वाली राजनीति की जरूरत है उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रमों में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस बैकवर्ड प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव आजाद सिंह दांगी, डॉ. दिलबाग खान, देवेंद्र शर्मा, बंसी बाल्मीकि, प्रमेन्द्र जौली, सुरेंद्र पन्नू, विजय देशवाल, संदीप रोड़, पहलवान सतीश बूरा, काला हुड्डा व दलबीर नरवाल उपस्थित रहे।


**खरखौदा।** खंड कार्यालय में धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने किया ऐलान

**खरखौदा।** भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण सफाई कर्मचारी लगातार 7 दिन से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय प्रांगण में हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनसे बात नहीं कर लेती तथा किए हुए वायदे व हमारी समस्याओं का हल नहीं निकालती तब तक आंदोलन ऐसे ही जारी रखा जाएगा। यूनियन नेताओं ने बताया कि गुरुवार को पूरे प्रदेश में मंत्रियों के पुतलों की शव यात्रा निकलते ग्रामीण सफाई कर्मी सरकार के पुतले फूंक रहे है। जिससे साफ पता लगता है कि सफाई कर्मियों में सरकार के प्रति नाराजगी और गुस्सा लगातार बढ़ रहा हैं। यूनियन के ब्लॉक प्रधान रोहतास चंडालिया तथा सचिव चांद ने बताया कि कल सोनीपत जिला के ब्लॉकों में भी वायदा खिलाफी के विरोध में मंत्रियों के पुतलों की शव यात्रा निकाली जाएगी व पुतला दहन करके सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया जाएगा। यदि सरकार ने समय रहते यूनियन से बात नहीं की तो आने वाली 24 और 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के कार्यस्थल नरवाना में दो दिन का महा पड़ाव लगाया जाएगा। जिसकी सभी जिलों व ब्लॉक में जोरदार तैयारी चली हुई है। आज की धरने की अध्यक्षता यूनियन के ब्लॉक प्रधान रोहतास चंडालिया मंच संचालन चांद ने किया।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल सातवें दिन जारी


**सोनीपत।** धरने के दौरान उपस्थित ग्रामीण सफाई कर्मचारी एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**सोनीपत।** ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल बुधवार को सातवें दिन भी जारी रही। धरना स्थल पर जारी प्रेस बयान में यूनियन नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में धरने पर बैठे कर्मियों की तबीयत बिगड़ रही है और गांवों में गंदगी के ढेर लगने लगे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर बातचीत तक नहीं कर रही। सरकार के विरोध में प्रदेशभर में मंत्रियों के पुतलों की शव यात्रा निकालकर पुतले फूंके गए। सोनीपत ब्लॉक प्रधान राकेश और सचिव बिजेंद्र ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द वार्ता नहीं की तो 24 और 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के कार्यस्थल नरवाना में दो दिवसीय महापड़ाव लगाया जाएगा। सीटू की जिला सचिव सुनीता, किसान नेता श्रद्धानंद सोलंकी और एडवोकेट कपिल ने कहा कि सरकार ने हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद सफाई कर्मचारियों को पक्का नहीं किया। जिला संयोजक राजेश कुमार टोकी ने कहा कि कर्मियों को हड़ताल से रोकने और वेतन रोकने की धमकियां दी जा रही हैं।

## न्यूज डायरी



### खरखौदाः समाधान शिविर में छह फरियादी पहुंचे

**खरखौदा।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 6 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें प्रमुख शिकायतें बिजली विभाग से जुड़ी थीं। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम अमित कुमार ने की। शिविर के दौरान एसडीएम अमित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करते हुए उनका जल्द समाधान किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं समाधान शिविर में पहुंचे विधायक पवन खरखौदा ने भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन समस्याओं का समाधान किया जाना है, उनमें किसी प्रकार की देरी न हो और शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए।



### सर्व कर्मचारी संघ डीसी कार्यालय पर करेगा प्रदर्शन

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ, सोनीपत की राज्य कार्यकारणी की बैठक कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन, संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजीव खत्री ने किया। बैठक में लंबित मांगों को लेकर मुख्य एजेंडे रखे गए। साथ ही निर्णय लिया गया कि सर्व कर्मचारी संघ 30 जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में उपायुक्त कार्यालय पर रैली निकाल प्रदर्शन कर दिसंबर 2025 में कच्चे कर्मचारियों के हक में आए हाईकोर्ट के फैसले को लागू करवाने की पैरवी की जाएगी। प्रधान देशराज नैन, कोषाध्यक्ष राजीव खत्री ने बताया कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का, पुरानी पेंशन बहाल, कौशल नगर निगम को भंग करके कर्मचारियों को विभाग के पेरोल पर करे। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य के उपप्रधान कश्मीरी सिंह ने कहा कि सरकार समय रहते इन सभी मांगों का समाधान नहीं करती, तो 12 दिसंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में रैली की जाएगी।

### छह महीने बाद परिवार से मिला नाबालिग, परिजनों में लौटी खुशी


**सोनीपत।** नाबालिग बच्चे को परिजनों से मिलवाते पुलिस कर्मी।

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने छह महीने से लापता एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्चे को ढूंढकर परिवार से मिलवाया। बच्चे के घर लौटने पर परिवार में खुशी का माहौल बन गया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में सोनीपत पुलिस लगातार लोगों की सहायता और सुरक्षा के लिए काम कर रही है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 20 और 21 मई की रात थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बहालगढ़ चौक के पास एक किशोर लावारिस हालत में घूमता मिला। पुलिस टीम ने बच्चे को अपने पास बैठाकर उससे बातचीत की और जानकारी जुटाई। पूछताछ में पता चला कि वह बहालगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है और करीब छह महीने पहले घर से लापता हो गया था। जांच में सामने आया कि बच्चा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है और उसके पिता बुजुर्ग हैं।

# अधिकारी पारदर्शी तरीके से करें समस्याओं का समाधान : अंकित

■ लघु सचिवालय में एसडीएम अंकित कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना


**गोहाना।** शिकायतें सुनते एसडीएम अंकित कुमार।

गुरुवार को लघु सचिवालय में एसडीएम अंकित कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं शहर से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम अंकित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना है, ताकि लोगों को विभिन्न कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी तथा शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शिविर में बिजली, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन और जमीन से अवैध कब्जा छुड़वाने जैसी शिकायतें प्राप्त हुईं।



**खरखौदा।** गुरुजनों संग श्लोक उच्चारण के प्रतिभागी विद्यार्थी।

### अंतरसदनीय श्लोक उच्चारण में प्रियांश अव्वल

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ विद्यालय में अंतरसदनीय श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुन्दरम् सदन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मंच का संचालन हिंदी अध्यापिका सुमन ने किया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सटीक निर्णय देने के लिए निर्णायक मंडल में संस्कृत अध्यापक बिजेंद्र हुड्डा व विनीता शर्मा ने अपना दायित्व बखूबी निभाया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहाँ प्रत्येक सदन से तीन-तीन विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि सभी प्रतिभागियों ने न केवल जीवन से जुड़े मानवीय और नैतिक मूल्यों पर आधारित श्लोकों का सुंदर एवं शुद्ध उच्चारण किया, बल्कि पूरी स्पष्टता के साथ उनके अर्थ और भावार्थ को भी सबके सामने रखा। विद्यार्थियों के बीच हुए इस कड़े और उत्कृष्ट मुकाबले में सुंदरम् सदन से प्रियांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने सभी विजेता विद्यार्थियों और तैयारी कर्ता अध्यापकों को बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को श्लोकों का महत्व समझाते हुए कहा कि श्लोक हमारी संस्कृति की अनमोल धरोहर हैं।

### विद्यार्थियों ने प्राप्त किया पाक कला कौशल का ज्ञान



**गोहाना।** बिचपड़ी गांव स्थित सरस्वती वमावि में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के पहले दिन गुरुवार को विद्यार्थियों ने पाक कला कौशल का ज्ञान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिना आग के खाना पकाना सीखा। विजेताओं को प्राचार्य आशीष गोयल ने पुरस्कृत किया। कैंप का संचालन मीनाक्षी, कविता और सुशील ने किया। विद्यार्थियों ने कैंप में प्रशिक्षित शिक्षकों की देखरेख में स्वादिष्ट सैंडविच और शिकंजी (लेमन जूस) बनाना सीखा। प्रधानाचार्य आशीष गोयल ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान देना है। कैंप के दूसरे दिन बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग के साथ-साथ नृत्य और म्यूजिक सिखाया जाएगा। तीसरे और अंतिम दिन बच्चों की कल्पनाशीलता को निखारने के लिए आर्ट-क्राफ्ट और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# श्रद्धांजलि सभा में अपमान का आरोप, कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


अपनी शिकायत दिखाते हुए सत्यवीर निर्माण।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जिला महासचिव (शहरी) डॉ. सत्यवीर निर्माण ने सार्वजनिक अपमान का आरोप लगाया है। डॉ. निर्माण ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को शिकायत पत्र भेजकर आरोप लगाया कि सभा में मंच संचालक ने जब उन्हें अपने विचार रखने के लिए बुलाया तो जिलाध्यक्ष कमल दीवान ने सार्वजनिक रूप से ये कहते रोक दिया कि "इसे मत बोलने दो, मैंने इसे पार्टी से निकाल दिया है।" डॉ. सत्यवीर निर्माण ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने व उचित संगठनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, जिला शहरी अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा है कि डा. निर्माण निगम चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे, जिसके कारण उन पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई को लेकर उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष को पत्र भी लिखा है।

## भगवान के नाम का जाप अवश्य करें हर नागरिक

# पंचधुनी तपस्या कर रहे बाबा सुशील नाथ

**लोगों से धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन अपनाने का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


**गन्नौर।** बाबा सुशील नाथ पंचधुनी तपस्या करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

गांव भोगीपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में बाबा सुशील नाथ ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी के बीच पंचधुनी तपस्या लगभग 45 डिग्री तापमान में अग्नि के बीच बैठकर कर रहे है। इस कठिन तपस्या में बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालु मंदिर में पहुंच रहे है। बाबा सुशील नाथ ने बताया कि पंचधुनी तपस्या 18वीं बार आयोजित की जा रही है। हर वर्ष ज्येष्ठ माह की तपती गर्मी में बाबा कठोर साधना करते हैं। पंचधुनी तपस्या में चारों ओर अग्नि जलाकर तथा ऊपर तेज धूप के बीच बैठकर भगवान की आराधना की जाती है, जिसे अत्यंत कठिन तप माना जाता है। वीरवार को बाबा सुशील नाथ ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को प्रवचन देते कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान के नाम का जाप अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित माला जाप करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बाबा ने लोगों से धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन अपनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने बाबा का आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा की सेवा और व्यवस्था में उनके सेवक दिन-रात जुटे हुए हैं। तपस्या पूर्ण होने के बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज के श्रद्धालु भी भाग लेंगे।



### जिला जेल में कौशल विकास कार्यक्रम का समापन

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सोनीपत और एक निजी विश्वविद्यालय के संयुक्त सहयोग से जिला जेल सोनीपत में आयोजित एक माह के क्यूलिनरी स्किल्स एवं रेस्टोरेंट मैनेजमेंट" प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) परमजीत एस. जसवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए जगजीत सिंह गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) विजय कुमार सिंह और प्रो. रतन लाल साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जगजीत सिंह ने कहा कि कौशल विकास और पुनर्वास से जुड़ी ऐसी पहलें बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## खबर संक्षेप

### 21 से 23 मई तक लगाए जाएंगे योग शिविर

**खरखौदा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन और आयुष विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राम अवतार की देखरेख में उपमंडल खरखौदा के सभी स्कूलों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो 21 से 23 मई तक आयोजित किए जाएंगे। योग शिक्षक नीलम ने सिलाना विद्यालय और योग शिक्षक सुमन ने सेहरी विद्यालय में योग कक्षा आयोजित की। डॉ राम अवतार के अनुसार इन शिविरों का उद्देश्य आगामी योग दिवस पर जिला के प्रत्येक विद्यालय और सरकारी संस्थान में सफल योग कार्यक्रम का आयोजन करना है।

### रसायन विज्ञान विभाग के 6 विद्यार्थियों का चयन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के रसायन विज्ञान विभाग के 6 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित एग्रो-केमिकल कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में साहिल, रजत, पारुल, ईशा, वर्षा और अभिषेक शामिल हैं। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान 16 हजार प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा, जबकि इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद 6 लाख से 7.50 लाख वार्षिक पैकेज मिलेगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए रसायन विज्ञान विभाग की आधुनिक शिक्षण पद्धति, शोध आधारित अध्ययन और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।

### ईसीसी शुल्क में बढ़ोतरी व बीएस-4 वाहनों पर प्रतिबंध के विरोध में एकजुट हुए ट्रांसपोर्टर

# ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल से थमे भारी वाहनों के पहिये, कल तक संचालन बंद

**सोनीपत में माल ढुलाई व्यवस्था प्रभावित, तीन दिवसीय हड़ताल शुरू**

*कारोबार पर असर पड़ने की आशंका, दिल्ली रोके जा रहे बाहरी ट्रक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेडिकल स्टोर संचालकों की हड़ताल के बाद अब एनसीआर क्षेत्र में पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) में भारी बढ़ोतरी और गैर-दिल्ली पंजीकृत बीएस-4 वाहनों पर प्रतिबंध के विरोध में ट्रांसपोर्टर एकजुट हो गए हैं। ट्रांसपोर्टरों ने विरोध रूवरूप आंदोलन छेड़ वीरवार से तीन दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्टर्स कांग्रेस के आह्वान पर ट्रांसपोर्टरों ने 23 मई तक ट्रकों और अन्य व्यावसायिक वाहनों का संचालन बंद रखने का निर्णय लिया है। ऐसे में सोनीपत और दिल्ली के बीच रोजाना चलने वाले करीब 500 से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। बड़ी संख्या में ट्रकों के पहिए थमने से माल ढुलाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है और कारोबार पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।



एआई जनरेटिड फोटो

#### ईसीसी बढ़ोतरी पर ट्रांसपोर्टरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिले में भी शुरू हुई ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का असर उस समय देखने को मिला, जब फाजिलपुर ट्रक यूनियन परिसर में काफी मात्रा में ट्रक खड़े नजर आए। ट्रक मालिकों और ऑपरेटरों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए चेताया कि यदि सरकार ने बढ़ाए गए ईसीसी और नए नियम वापस नहीं लिए, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा। भाईचारा ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के प्रधान अमित कटारिया ने बताया कि लगातार बढ़ते ग्रीन टैक्स, डीजल की कीमतों और पुराने वाहनों पर सख्त पाबंदियों ने ट्रांसपोर्ट कारोबार को भारी आर्थिक संकट में डाल दिया है। बीएस-4 वाहनों पर प्रतिबंध और ईसीसी में वृद्धि से हजारों ट्रक मालिकों, ऑपरेटरों और चालकों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। पहले ईसीसी 3100 रुपये थी अब उसे बढ़ाकर 4500 रुपये कर दिया है। उपप्रधान प्रदीप आंतिल, विजय कुमार ने बताया कि आंदोलन के चलते सभी ऑपरेटरों का आह्वान किया गया हैं कि वह दिल्ली जाने वाले किसी भी व्यावसायिक वाहन की लोडिंग न करें, न ही उन्हें रवाना करें। इसका असर आवश्यक वस्तुओं, निर्माण सामग्री और औद्योगिक सामान की आपूर्ति पर पड़ने लगा है। एसोसिएशन सदस्यों का कहना है कि दिल्ली में भी हड़ताल के चलते पंजाब, जम्मू कश्मीर से दिल्ली में पहुंच रहे भारी वाहनों को दिल्ली की यूनियन रोक रही है। दिल्ली की सीमा में रोकने से बाहर के ट्रक चालकों को परेशानी हो रही है।

#### सड़कों से ट्रक गायब, उद्योग व व्यापार जगत की बढ़ी चिंता

रोजाना आवश्यक सामान, निर्माण सामग्री और औद्योगिक माल ढोने वाले ट्रक अब सड़कों से गायब नजर आ रहे हैं। इससे उद्योग व व्यापार जगत की चिंता बढ़ गई है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि यदि यह गतिरोध लंबा चला, तो दिल्ली-एनसीआर के बाजारों में राशन, किराना, सूखे मेवे, मसाले, फल, ऑटो पाट्र्स, रेडीमेड गारमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, खिलौने, हार्डवेयर, क्रॉकरी और अन्य दैनिक उपयोग के सामानों की किल्लत पैदा हो सकती है। इसका सीधा असर थोक और खुदरा बाजारों पर देखने को मिलेगा।

#### समाधान नहीं निकला, तो प्रभावित होंगी दैनिक जरूरतें

ट्रक ऑपरेटरों की सरकार से मांग है कि ईसीसी और ग्रीन टैक्स में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए, प्रदूषण मुक्त बीएस-6 वाहनों को इन टैक्सों से पूरी तरह छूट दी जाए। एक नवंबर से प्रस्तावित बीएस-4 वाहनों पर प्रतिबंध के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। उधर तीन दिवसीय हड़ताल से महाचक्का जाम के कारण माल बुकिंग रोक दी गई है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो इसका व्यापक असर व्यापार, उद्योग और आम जनता की दैनिक जरूरतों पर पड़ सकता है।

## राजीव गांधी ने ही देश में कंप्यूटर क्रांति व सूचना प्रौद्योगिकी की नींव रखी : दिवान


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन करते हुए कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं अन्य।

- कांग्रेस भवन में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने राजीव गांधी के जीवन और उनके राष्ट्र निर्माण के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के सच्चे शिल्पकार थे। कमल दिवान ने कहा कि राजीव गांधी का विजन दूरदर्शी था। उन्होंने ही देश में कंप्यूटर क्रांति और सूचना प्रौद्योगिकी की नींव रखी थी, जिसके परिणाम आज पूरा विश्व देख रहा है। उन्होंने न केवल भारत को इक्कीसवीं सदी में ले जाने का सपना देखा, बल्कि उसे हकीकत में बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाया और युवाओं को मतदान का अधिकार देकर लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत किया। कमल दिवान ने कहा कि आज देश जिस डिजिटल युग में खड़ा है, उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया और पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गौतम ने राजीव गांधी को उनके बलिदान और देश सेवा के लिए याद किया।

#### ये रहे मौजूद

सभा में सतपाल चौहान, जय भगवान आंतिल, अशोक सरोहा, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, उपाध्यक्ष अमनदीप पाराशर, प्रेम नारायण गुप्ता, प्रवक्ता राकेश सोढा, महासचिव सौरव सचदेवा, महासचिव दयानंद वाल्मीकि, महासचिव राजेश सेवली, सचिव राजेश कालूपुर, सचिव अमित मंडल, सचिव कुलदीप देशवाल, सचिव प्रेम रेलन, पी के बाली, पार्षद जय सिंह मलिक, जमशेद नूरन खेड़ा, रणदीप दहिया, पवन मेहरा, राकेश मदान, नरेंद्र लोहट, सिकंदर दहिया, परवीन पांचाल, प्रीतम और देवेंद्र बूरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओवरलोड डंपरों से गिर रही मिट्टी से उड़ रही धूल से वाहन चालक परेशान

- गुमड़ रोड रेलवे फ्लाईओवर पर मिट्टी गिरने से वाहन चालक परेशान, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गुमड़ रोड स्थित रेलवे फ्लाईओवर पर ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपर वाहन चालकों और राहगीरों के लिए भारी परेशानी का कारण बने हुए हैं। फ्लाईओवर से गुजरने वाले लोगों का आरोप है कि ओवरलोड डंपरों पर प्रशासन लगाम लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है, जिससे संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि दिनभर इस मार्ग से बड़ी संख्या में मिट्टी से भरे डंपर गुजरते हैं। कई डंपर निर्धारित क्षमता से अधिक मिट्टी भरकर सड़क पर दौड़ रहे हैं। फ्लाईओवर पर चढ़ते और उतरते समय चालक जैसे ही ब्रेक लगाते हैं, तो डंपरों से मिट्टी सड़क पर गिर जाती है। इसके बाद लगातार वाहनों की आवाजाही से वहां धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। वाहन चालकों ने बताया कि धूल के कारण सड़क पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


**गन्नौर।** रेलवे फ्लाई ओवरलोड पर डंपरों से गिर रही सड़क पर मिट्टी से उड़ रही धूल।

## रौनक स्कूल टेहा के सरपंच की बेटी का किया सम्मान

- विज्ञान संकाय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गरिमा त्यागी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा एवं गांव टेहा के सरपंच आशीष त्यागी की पुत्री गरिमा त्यागी ने बारहवीं कक्षा की विज्ञान संकाय परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करने पर गांव में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शेखपुरा गांव के सरपंच कर्मबीर ने कहा कि सफलता मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। बेटी गरिमा ने अपनी मेहनत से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें तो सफलता अवश्य मिलती है। विद्यालय की प्रिंसिपल रजनी शर्मा ने कहा कि गरिमा शुरू से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही है। उन्होंने



बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी माहौल के लिए भी तैयार करता है। सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सफलता प्राप्त कर समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। गरिमा की इस उपलब्धि से गांव के अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## विधायक के जन्मदिन पर छात्रों व राहगीरों को गर्मी में दी ठंडे पानी की सौगात

- पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में दो व बाहर सहित तीन वाटर कूलर लगवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान के जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा द्वारा शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में छात्रों के लिए दो वाटर कूलर तथा आमजन की सुविधा के लिए स्कूल के बाहर एक अतिरिक्त वाटर कूलर लगवाया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने इन वाटर कूलरों का उद्घाटन किया और उन्हें छात्रों व आम जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाज में ऐसे कार्य ही वास्तविक सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में बच्चों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत पुण्य और सराहनीय कार्य है। विधायक ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को अपनी आय का कुछ हिस्सा जरूरतमंदों और जनहित के कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए, ताकि समाज में सहयोग और सेवा की भावना मजबूत हो सके।


**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान के साथ पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा वाटर कूलर का उद्घाटन करवाते हुए ।

### छात्रों को करवाया योगाभ्यास, बताए स्वास्थ्य लाभ



**गोहाना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को गांव महमूदपुर स्थित राजकीय विद्यालय में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने भी योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योग सहायक जयदीप ने शिविर में अनुलोम-विलोम, कपालभाती और प्राणायाम सहित अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया और नियमित रूप से योग करने के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि आज भागदौड़ की जिंदगी में स्वास्थ्य बनाए रखना एक चुनौतिपूर्ण काम है। हर व्यक्ति योग के माध्यम से खुद को स्वस्थ रख सकता है। हर व्यक्ति को काम से थोड़ा समय निकालकर रोजाना योग अवश्य करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### दार्जिलिंग में भाजपा सांसद से मिल कृषि तकनीकों की ली जानकारी

**गन्नौर।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग दौरे के दौरान भाजपा सांसद राजू बिस्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र की कृषि तकनीकों, विकास, किसानों के हित, पर्यटन और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा हुई। सांसद राजू बिस्ता ने दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र में पर्यटन, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार से जोड़ने और जनसंपर्क मजबूत करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया। आशीष त्यागी ने कहा कि अनुभव साझा होने से अपने क्षेत्र के किसानों में इसका प्रचार करेंगे ताकि उन्हें नई व उन्नत तकनीकों का फायदा मिल सके।


**गन्नौर।** भाजपा सांसद राजू बिस्ता के साथ भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी।

## ताइक्वांडो कोच सौरव को एशियन चैंपियनशिप के लिए मिली भारतीय टीम की जिम्मेदारी

- खेल विभाग के अधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने सौरव को मिली उपलब्धि पर जताई खुशी, शानदार प्रदर्शन की जताई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा खेल विभाग, सोनीपत में कार्यरत एवं भीम अवॉर्डी कोच सौरव को भारतीय ताइक्वांडो महासंघ की ओर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें 20 से 26 मई 2026 तक मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में आयोजित एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारतीय सीनियर ताइक्वांडो टीम के कोच के रूप में नियुक्त किया गया। यह चैंपियनशिप खिलाड़ियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को आगामी एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई करने का अवसर मिलेगा। ऐसे में भारतीय टीम पर बेहतर प्रदर्शन का विशेष दबाव और जिम्मेदारी दोनों हैं। मूलरूप से सोनीपत के खंड खरखौदा के निवासी कोच सौरव लंबे समय से हरियाणा में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खेलों में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें प्रतिष्ठित भीम अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। भारतीय टीम के साथ इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जाना न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात मानी जा रही है।


**सोनीपत।** खेल विभाग में कार्यरत भीम अवॉर्डी ताइक्वांडो कोच सौरव टीम के साथ।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में हुआ पदग्रहण समारोह

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पदग्रहण समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। समारोह में स्कूल काउंसिल और हाउस काउंसिल का गठन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। समारोह की शुरुआत स्वागत कार्यक्रम के साथ हुई। इस दौरान नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। स्कूल कैप्टन के रूप में वंशिका तुषीर और सौम्य, आंचल, वाइस स्कूल कैप्टन के रूप में वान्या और युविका मलिक चुनी गईं। वहीं हाउस कैप्टन के रूप में अन्वी, रिद्धिमा, प्रिंस और आराध्य गर्ग को जिम्मेदारी दी गई। प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल ने सभी छात्र नेताओं को बैज पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें ईमानदारी व समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### मॉडल टाउन स्थित कार्यालय के खंड संसाधन हॉल में हुआ कार्यक्रम

# पीएम श्री स्कीम के तहत 117 विशेष छात्रों को दिए सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समग्र शिक्षा एवं पीएमश्री स्कीम के तहत वीरवार को मॉडल टाउन स्थित कार्यालय के खंड संसाधन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 117 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायता उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह, अमित भनवाला, रणजीत कुंडू, तकनीकी समन्वयक सागर शर्मा व अल्मिको टीम की ओर से सुमित ने विद्यार्थियों को बार कोड के अनुसार सहायक उपकरण वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया।

जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह व अमित भनवाला ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले जिलेभर के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अगस्त 2025 में जिलास्तरीय असेसमेंट कैंप लगाया गया था। कैंप में खासकर उन विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनके मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बने हैं। कैंप के माध्यम से 117 दिव्यांग विद्यार्थियों का सहायक उपकरण के लिए चयन कर सूची को मुख्यालय भेजा गया था। वीरवार को सभी चयनित विद्यार्थियों को सहायक उपकरण सौंपे गए। यह सुविधा प्रतिवर्ष स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला की ओर से उपलब्ध करवाई जाती है। डॉ. अतर सिंह ने बताया कि सहायक उपकरण प्राप्त करने के बाद सभी विद्यार्थी अच्छा महसूस कर रहे हैं, ताकि उनके लिए भी शिक्षा की डगर आसान हो सके।


**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में विशेष विद्यार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान करते जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह व अन्य।

#### अलाउंस से दिव्यांग छात्रों को दिखा रहे शिक्षा की राह

बता दें कि जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों की कक्षा पहली से 12वीं तक में करीब 1300 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की राह आसान बनाने के लिए समग्र शिक्षा के तहत चार अलाउंस (भत्तों) से लाभ मुहैया करवाया जा रहा है। इनमें पहला रीडर अलाउंस (पाठक भत्ता) है, जो दृष्टिबाधित विशेष बच्चों को सहायक के तौर पर दिया जा रहा है, ताकि वह अपनी पढ़ाई को बिना किसी बाधा के जारी रख सकें। दूसरा एस्कॉर्ट अलाउंस (सहायक भत्ता) है, जिसका उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को विद्यालय तक सुरक्षित आने-जाने में मदद प्रदान करना है। इसी तरह लड़कियों के लिए तीसरा गर्ल्स टाइटेंड अलाउंस भत्ता मुहैया करवाया जा रहा है। चौथा होम डेज अलाउंस है, जो ज्यादा विशेष दिव्यांग विद्यार्थियों को घर पर ही शिक्षा देने वाले विशेष शिक्षकों या शिक्षा स्वयंसेवकों को दिया जा रहा है।

#### कितने छात्रों को मिले कौन से उपकरण

| | |
|---|---|
| व्हीलचेयर साथी | 11 |
| व्हीलचेयर ममता | 06 |
| सीपी व्हीलचेयर | 09 |
| टीएलएम किट | 41 |
| ट्राइसाइकिल सिंगल डीआरआई | 02 |
| बैटरी से चलने वाली ट्राइसाइकिल | 04 |
| टीएलएम किट सेकेंडरी व प्रीवोकेशनल | 17 |
| बैसाखी एल्बो (साइज-1) | 02 |
| रोलर (साइज-1) | 03 |
| रोलर (साइज-2) | 05 |
| बीटीई श्रवण यंत्र | 17 |